## महत्वपूर्ण एवं खास

### कमांडर वाहन पलटने से 1 महिला की मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के मेटापाल से दंतेवाड़ा की ओर आ रही कमांडर चितालूर पोटाकेबिन के पास पलट गई। इस हादसे में 07 ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें से एक युवती तुले सोड़ी उम्र 25 वर्ष निवासी मेटापाल बटाम पारा ने जिला अस्पताल लाते समय दम तोड़ दिया, 06 अन्य घायलों का इलाज जारी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन क्रमांक एपी -07 डब्ल्यू मेटापाल निवासी बालूराम कश्यप की बताई जाती है।

### एक लाख के इनामी 3 नक्सली के साथ 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत भेज्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थापित नवीन कैम्प कोलाईगुड़ा में सीआरपीएफ 50 वीं वाहिनी कमांडेन्ट एनपी सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी कमांडेन्ट पामुला किशोर, कोन्टा ए एसपी सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी गिरिजा शंकर साव के समक्ष में माओवादी संगठन से जुड़े 08 महिला नक्सली सहित 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। जिसमें एक एक लाख के तीन इनामी नक्सली भी शामिल है। सभी आत्मा समर्पित व्यक्तियों को शासन द्वारा पुनर्वास नीति के तहत सहायता प्रदान की जासेगी।

### खड़ी ट्रक से बाइक टकराई, 2 घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के परपा थाना अंतर्गत ग्राम नियानार सुंडीपारा के पास बीती रात 08 बजे खड़ी ट्रक से बाईक के टकरा जाने से बाईक सवार 02 युवक घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालाक जय कुमार निवासी साडगुड और पदम मांझी अपनी बाईक से घर जा रहे थे। इस दौरान मोड़ के पास खड़े ट्रक के पीछे की लाइट बंद थी, इसी बीच अचानक सामने से आ रही गाड़ी की लाइट चमकने से सामने खड़े ट्रक को नहीं देख पाने से खड़ी ट्रक से टकरा गये। दोनों घायलों को मेंकॉज के डिमरापाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, महिला घायल

**भिलाई (आरएनएस)।** शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की बाइक को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह वाहन के पिछले पहिए के नीचे आ गया। सिर से पहिया गुजर जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक के साथ बाइक में उसकी साली भी बैठी थी, उसे भी गंभीर चोटें आई हैं। सुपेला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह की है। भिलाई-तीन उमदा जरवाय निवासी निर्मल यादव (40 वर्ष) अपनी साली दुर्गा यादव (35 वर्ष) को बाइक पर बैठा उसे छोड़ने उसके घर तितुरडीह दुर्ग जा रहा था। निर्मल के घर में शादी होने के चलते वह कार्ड भी दुर्ग छोड़ने जा रहा था, जैसे ही वह कोसानाला के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार में आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला दूर जा गिरी और निर्मल सड़क की तरफगिरा जिससे वह गाड़ी के पिछले पहिया की चपेट में आ गया। इससे गाड़ी का पहिया उसके सिर से गुजर गया। दुर्गा को पेट्रोलिंग टीम ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। वहां उसका उपचार चल रहा है।

### सहायक संचालक के 10 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत सहायक संचालक के 10 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। बता दें कि परीक्षा को लेकर लोक सेवा आयोग ने दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं निर्देश के मुताबिक आज से आवेदन की प्रकिया शुरू हो गई। इच्छुक आवेदक 26 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

# 21 फरवरी तक सभी शहरों में शुरू की जाएगी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

» गणतंत्र दिवस पर की गई मुख्यमंत्री की घोषणा पर तत्काल शुरू हुआ अमल

» 42 प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क होंगे और दवाईयां भी निःशुल्क मिलेंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस गणतंत्र दिवस पर राज्य के सभी शहरों की स्लम बस्तियों में रहने वालों को एक बड़ी सौगात दी है। अब यहां के रहवासियों को इलाज के लिए अस्पताल जाने या खून की जांच और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। अब उनके इलाके में मोबाइल मेडिकल यूनिट चिकित्सक के सहित खड़ी रहेगी,



जहां 42 प्रकार के टेस्ट की निःशुल्क सुविधा भी होगी और निःशुल्क दवाईयां भी मिलेंगी। इसके लिए ''मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना'' सभी 169 शहरों में शुरू करने की घोषणा की गई है। पूर्व में यह योजना राज्य के सभी 14 नगर पालिक निगम में 1 नवम्बर 2020 से सफलता पूर्वक संचालित हो रही थी। इस योजना के लाभ को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी शहरों में इसे लागू करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कोरोना महामारी के मद्देनजर और भी कारगर साबित होगा, क्योंकि चिकित्सक से मिलने लोगों को अब अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के शुरू होने से समाज के सभी वर्गो को इसका लाभ मिलेगा। हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति चाहता है कि जब वह बीमार पड़े तो उसे अपने इलाज के लिए भटकना न पड़े। छोटी-छोटी बीमारी के लिए अपने काम धंधे बंद कर डाक्टरों से अपॉइंटमेंट लेना और कतार में लग कर इलाज कराने से हर कोई बचना चाहता है। लोगों की जरूरतों को ध्यान रख छत्तीसगढ़ में शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अब इन्हीं उद्देश्यों और लक्ष्यों को पूरा कर रही है।

वर्तमान में राज्य के 14 नगरीय निकायों में 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन संबंधित जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद वर्तमान में सेवारत 60 एमएमयू में अतिरिक्त 60 एमएमयू शामिल किए जाएंगे। इस तरह से प्रदेश के 169 शहरों में 120 एमएमयू के माध्यम से योजना का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद योजना के महत्व को देखते हुए इसे 21 फरवरी 2022 तक प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रति नागरिकों के लगाव को देखें तो योजना के अंतर्गत अभी तक 20 हजार 928 कैंपों का आयोजन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया जा चुका है। इन कैंपों में 14 लाख 64 हजार 195 मरीज अपना इलाज कराकर स्वस्थ हो चुके हैं। एमएमयू में इलाज के लिए एम.बी.बी.एस. डाक्टर की पदस्थापना होती है। एमएमयू की प्रयोगशाला में कुल 42 प्रकार के टेस्ट निःशुल्क होते हैं। अभी तक 2 लाख 75 हजार 388 मरीज मुफ्त प्रयोगशाला से लाभांवित हो चुके हैं। एमएमयू में कुल 285 प्रकार की दवाइयां मुफ्त वितरण के लिए मौजूद होती हैं। इससे अभी तक 12 लाख 19 हजार 523 मरीजों ने मुफ्त दवा वितरण का लाभ लिया है। मरीजों को दवाइयों का वितरण डॉक्टर की पर्ची के आधार पर फार्मासिस्ट द्वारा किया जाता है।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत एमएमयू में मरीजों की जांच की पूरी प्रक्रिया कंप्यूटराइज्ड की गई है। मरीजों का पंजीयन, डॉक्टर की पर्ची और फार्मासिस्ट द्वारा दवा वितरण का कार्य पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड है। प्रक्रिया में कहीं चूक ना हो और मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इसके लिए सीनियर विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा इसका आडिट भी किया जाता है।

इस सेवा विस्तार से राज्य के 169 शहरों में 120 एमएमयू के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 2 हजार 880 कैंप आयोजित होंगे और लगभग 1 लाख 80 हजार मरीजों का गुणवत्तापूर्ण इलाज संभव हो सकेगा। सुविधा विस्तार के लिए शासन द्वारा सेवा प्रदाता चयन की कार्यवाही सभी जिलों में पूर्ण कर ली गयी है और बसों में एमएमयू के लिए अस्पताल की सुविधाएं विकसित करने हेतु निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

# करेली बड़ी के दो लोगों पर जंगली सूअर ने किया हमला, एक की हुई मौत

» दूसरे का मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है इलाज

**धमतरी (आरएनएस)।** धमतरी जिले के विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत करेली बड़ी के खेमू राम पिता लक्ष्नू सतनामी 40 वर्ष एवं नरेंद्र अहिरवार पिता कार्तिक अहिरवार 37 वर्ष गुरुवार शाम 5 बजे खेत से लौट रहे थे तभी जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया।

मोहरेगा रास्ते में जंगली सूअर ने जबरदस्त दोनों को जख्मी कर लहूलुहान कर दिया गया। दोनों को मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि में भर्ती कराया गया। खेमू राम को मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज करने के बाद रायपुर रिफर किया जो रास्ते मे दमतोड़ दिया। वही नरेंद्र कुमार का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में इलाज चल रहा है ।

जंगली सूअर द्वारा नरेंद्र एवं खेमू के शरीर के सभी अंगों में जख्मी कर दिया जख्मी के कारण एवं अत्यधिक खून बहने से खेमू राम का मौत हो गया। मगरलोड पुलिस जांच में जुटी हुई है वन विभाग के अफसरों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस की अवैध खनन पर हुई कार्रवाई

» पुलिस ने अवैध खनन कर रहे 8 ट्रैक्टर किये जब्त

» आत्महत्या का ड्रामा कर दवाब डाल रहे रेत तस्कर को भी जेल भेजा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद कोरबा पुलिस ने तत्काल अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कोरबा एसपी भोजराम पटेल ने टीम बनाकर अवैध खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करायी । पुलिस ने जिले के अलग-अलग



थाना चौकियों में अवैध रेत परिवहन कर रहे कुल 08 ट्रैक्टरों को पकड़कर जब्ती की है, जिसे विधिवत कार्रवाई हेतु खनिज विभाग को सुपुर्द किया जा रहा है।

विदित है कि मुख्यमंत्री ने अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए हैं । पकड़े गए आरोपियों में कृष्ण कुमार पटेल पिता तुलसी कुमार पटेल उम्र 19 वर्ष साकिन - ग्राम रोकदा ,थाना उरगा कोरबा , राधे लाल पिता स्व सालिक राम अगरिया उम्र 28 पंडरीपानी कोरबा , परमात्मा पटेल पिता कन्हैयालाल पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी जोगीपाली थाना उरगा, रवि पिता रमेश पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी कपाटगुड़ा इमलीछापर ,अविनाश केवट पिता बलराम केवट उम्र 35 वर्ष निवासी कपाटगुड़ा इमलीछापर हैं ।

आपको बता दें कि एक दिन पहले ही कोरबा में रेत तस्कर कादिर खान के द्वारा आत्महत्या करने का ड्रामा कर रेत तस्करी पर कार्यवाही के विरुद्ध दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा था । उक्त तस्कर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर जेल दाखिल करवाया गया है।

# करोड़ो रूपये के हाई ब्रीड बीज वितरण घोटाला जाँच के पूर्व,शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार शर्मा हटाये गए

**छोटे कापसी (आरएनएस)।** बड़े कापसी हाई प्रोफाइल हाई ब्रीड बीज वाले मामले में जांच से पहले हुआ बैंक मैंनेजर नरेंद्र कुमार शर्मा का तबादला सात साल से चली आ रही जुगल जोड़ी आखिर 2022 में टूट ही गई,बड़े कापसी जिला सहकारी बैंक मैनेजर एक स्थान पर विगत सात साल से एक ही शाखा पर जोड़तोड़ कर डाटे हुए थे। बता दे कि जब से बड़े कापसी लैम्पस प्रभारी प्रबंधक के नाम से करोड़ो रूपये का हाई ब्रीड बीज घोटाले की लिखित शिकायत हुई है। तब से सहकारिता विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर कार्यालय से आदेश क्रमांक 2529 दिनांक 24.01.2022 को नरेंद्र कुमार शर्मा का स्थानांतरण कोरर किया गया। वही कापसी जिला सहकारी बैंक के लिए गादीरास से गोवर्धन लाल सिन्हा को प्रभारी शाखा प्रबंधक कार्य करने संपादित करने आदेशित किया गया है। किसानों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि सहकारी बैंक कापसी मैंनेजर नरेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रभारी प्रबंधक लैम्पस बड़े कापसी पार्थ देवनाथ दोनों की मिलीभगत से ही करोड़ो रूपये का गड़बड़झाला किया गया है। इसी कारण दोनों कई बार विदेश भ्रमण भी कर चुके है।

लगता है प्रभारी प्रबंधक लैम्पस बड़े कापसी को जो हाई ब्रीड बीज का कमीशन मिला होगा उसी रकम से दोनों ने कई बार विदेश यात्रा भी की होगी,क्योंकि दोनों कई बार एक साथ विदेश जा चुके है। ज्ञात हो कि लैम्पस समिति के सभी कामों की देखरेख की जिमेदारी शाखा प्रबंधक की होती है। समिति के सभी लेनदेन बैंक मैंनेजर की सहमति से ही राशि निकाली जाती है। तो आप समझ ही गए होंगे कि बैंक शाखा प्रबंधक की लैम्पस बड़े कापसी के घोटाले में भूमिका कितनी अहम होगी। लैम्पस बड़े कापसी में हुई हाई ब्रीड बीज सप्लाई में करोड़ों रुपए का घोटाला की शिकायत मामले में सयुंक्त पंजीयक एल.एल बुंझ जगदलपुर के द्वारा जांच आदेश दिया गया था। परन्तु लैम्पस प्रभारी प्रबंधक पार्थ देवनाथ अपनी राजनीति पहुँच से दवाब बना कर जांच को रुकवाने का प्रयास कर रहे है।

इस विषय पर दूरभाष में जानकारी लेनी चाही गई तो एल एल ब्रंझ सयुक्त पंजीयक जगदलपुर से फोन नंबर 9826152682 पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

# रात 10 बजे तक लगवा सकते हैं कोविड का टीका

» राज्य सरकार का बेहतरीन इंतजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दो कोविड टीकाकरण केंद्रों में 28 जनवरी से डे-नाइट टीकाकरण सत्र चलाया जाएगा। इसमें जिला अस्पताल पंडरी व शहीद स्मारक भवन को शामिल किया गया है। इन केन्द्रों में डे-नाइट टीकाकरण दो पालियों में होंगे। प्रथम पाली सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक व द्वितीय पाली दोपहर दो से रात्रि 10 बजे तक चलेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहीद स्मारक भवन के केन्द्र प्रभारी शरद ठाकुर (मो. 9302123008) व जिला अस्पताल पंडरी के केंद्र प्रभारी डाक्टर नीरज ओझा (मो. 9691654181) को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे कामकाजी नौकरीपेशा वर्ग जो देर तक अपने काम में व्यस्त रहने और टीकाकरण के पुराने समय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक के समय में टीकाकरण नहीं करवा पा रहे थे।

# बिजली बिल का भुगतान नहीं, सीएसईबी ने शुरू किया डिस्कनेक्शन

**कोरबा (आरएनएस)।** बिजली का उपयोग करने के साथ समय पर भुगतान नहीं करने से अनेक उपभोक्ताओं का देयक बढ़ रहा है और ऐसे में बिजली कंपनी की परेशानी बढ़ती जा रही है। अकेले शहरी क्षेत्र में कंपनी को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं से 340 लाख रूपए वसूल करना है। बार.बार अवगत कराने पर भी बात नहीं बनने की स्थिति में अब कंपनी ने सीधे तौर डिस्कनेशन की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिजली बिल नहीं पटाने वालों के खिलाफवितरण कंपनी ने कड़ा रुख अपना लिया है और वित्तीय वर्ष पूर्ण होने से पहले बकाया राशि को वसूलने के लिए कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई शुरु कर दी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान कंपनी ने सैकड़ों कनेक्शन काटे हैं और करीब



100लाख रुपयों की वसूली की है।रूकोरबा के विद्युत वितरण विभाग ने उन लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपना लिया है जो लंबे समय से बिजली का बिल नहीं पटा रहे थे। बकाया राशि की वसूली के लिए वितरण कंपनी द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अधिकारियों द्वारा कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही है। पहले चरण के तहत विभागीय अधिकारियों ने करीब 1 हजार कनेक्शन काटे और एक करोड़ रुपयों की वसूली की। विभाग को 340 लाख रुपयों की वसूली करना है। अधिकारियों का दावा है, कि वित्तीय वर्ष पूर्ण होने से पहले पूरी राशि वसूल ली जाएगी। बिजली बिल वसूली के लिए विभाग के द्वारा की जा रही है इस कार्रवाई पूरे जिले मे हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट रुप से कह दिया है, जो बिजली का बिल नहीं पटाएगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिजली कंपनी ने तय किया है कि किसी भी कीमत पर हर तरफ कार्रवाई होना है। सामान्य उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकारी विभागों पर भी कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। कोरबा जिले में अनेक सरकारी विभागों का बकाया भारी भरकम हो गया है और वहां के अधिकारी बिजली बिल भुगतान के मामले में रूचि नहीं ले रहे है।

# रोजगार की मांग को लेकर भू-विस्थापितों ने रोका एनटीपीसी सीपत का कोयला परिवहन

**कोरबा (आरएनएस)।** मुआवजा व रोजगार की मांग को लेकर भू-विस्थापितों ने एनटीपीसी सीपत परियोजना में कोयला आपूर्ति करने के लिए बिछाई गई रेल लाइन पर धरना में बैठ गए। आठ घंटा तक चले आंदोलन के बाद वार्ता में प्रबंधन ने आश्वस्त किया की बैठक कर समस्या का निदान किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि दो दिन के भीतर समस्या का निदान नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की दीपका



खदान से कोयला आपूर्ति करने के लिए लिए एनटीपीसी सीपत परियोजना बिलासपुर द्वारा विभागीय स्तर पर मेरी-गो-राउंड सिस्टम से रेल लाइन बिछाई गई है। दीपका खदान के साइलो से विभागीय मालगाड़ी से कोयला परिवहन किया जा रहा है। रेल लाइन बिछाने ग्राम रेकी की जमीन अधिग्रहित की गई है। इससे कई ग्रामीण प्रभावित हुए हैं और उन्हें अभी तक रोजगार व मुआवजा नहीं मिल सका है। पत्राचार के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर प्रभावितों ने गुरूवार को सुबह नौ बजे से रेंकी के रेलवे फाटक पर अपनी मांग को लेकर रेलवे फाटक पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिए। इससे मालगाड़ी का परिचालन रूक गया। आंदोलन शाम पांच बजे तक चला, इस बीच अधिकारी वार्ता करने पहुंचे और उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 70 लोगों को रोजगार देने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है। वहीं प्रबंधन का कहना था कि 35 व्यक्ति का ही रोजगार शेष है। इस पर दोनों के मध्य सहमति बन सकी, बाद में प्रबंधन ने कहा कि दो दिवस के भीतर बैठक कर समस्या का निदान किया जाएगा। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन के भीतर रोजगार व मुआवजा वितरण पर निर्णय नहीं लिया जाता है तो उग्र आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। आंदोलन को उर्जाधानी भू-विस्थापित समिति के सदस्यों ने भी समर्थन दिया।

एनटीपीसी सीपत परियोजना को दीपका कोयला खदान से प्रतिदिन 14 रैक कोयला आपूर्ति किया जाता है। आंदोलन की वजह से लगभग छह रैक कोयला आपूर्ति नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि आंदोलन की खबर मिलते ही प्रबंधन ने मालगाड़ी का परिचालन रोक दिया था। स्टाक में पर्याप्त कोयला होने की वजह से संयंत्र परिचालन में किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। वहीं प्रबंधन का कहना है कि स्थिति सामान्य होने पर लदान बढ़ा कर कोयला आपूर्ति बढ़ा लिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU